अमर उजाला 11/12/2024

डॉ. कुलदीप बने वैज्ञानिक ऑफ द ईयर

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप यादव को वैज्ञानिक ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ. कुलदीप। संवाद

यह सम्मान वाराणसी स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान मिला। इस समारोह का आयोजन राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी नई दिल्ली की ओर से किया गया।

यह पुरस्कार उन्हें प्लांट टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से औषधीय पौधों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि यह पुरस्कार डॉ. यादव की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। डॉ. यादव ने पुरस्कार के लिए आभार व्यक्त करते हुए इस सम्मान को अपने गुरु प्रो. नरेंद्र सिंह, प्रो. अशोक अग्रवाल और प्रो. जितेंद्र शर्मा को समर्पित किया।

प्लांट टिशू कल्चर तकनीक से औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मिला सम्मान